ज्वालामुखी योग - 18

अव्यक्त बापदादा :-

➳ _ ➳ चैतन्य लाइट हाउस बनो अभी हर आत्मा शक्ति स्वरुप हो जाए। **जिसके भी सम्पर्क में आते हो वह अलौकिकता का अनुभव करे।** अभी वह पार्ट चलना है। सुनाया ना अभी अच्छा - अच्छा कहते हैं, लेकिन अच्छा बनना है यह प्रेरणा नहीं मिल रही है।

➳ _ ➳ उसका एक ही साधन है - संगठित रुप में ज्वाला स्वरुप बनो। एक-एक चैतन्य लाइट हाउस बनो। सेवाधारी हो, स्नेही हो, एक बल एक भरोसे वाले हो, यह तो सब ठीक है, लेकिन **मास्टर सर्वशक्तिवान की स्टेज, स्टेज पर आ जाए तो सब आपके आगे परवाने के समान चक्र लगाने लग जाएँ।**

➳ _ ➳ अभी सिर्फ बाप शमा की आर्कषण है और सर्व शमा की आकर्षण हो जाए तो क्या होगा ? शमा तो हो लेकिन अभी स्टेज पर नहीं आये हो। स्टेज पर आओ तो देखो आबूवाले कैसे आपके पीछेपीछे दौड़ते हैं। **आप लोगों को जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी वह स्वयं आकर कहेंगे जी हजूर, कोई सेवा!** (28.11.1981)

➢➢ लाइट हाउस - स्थूल और सूक्षम (चैतन्य)

➳ _ ➳ किसी खतरनाक स्थान पर होता है (जैसे समुंदर)

→ यह संसार भी कलयुगी भव सागर है

- भव अर्थात :- जहां जन्म और मरण की प्रक्रिया होती है

➳ _ ➳ बहुत ऊंचा होता है

→ हमें भी अपनी स्थिति को बहुत ऊंचा उठाना है...

➳ _ ➳ उसका कार्य होता है :- रात के समय नावो को रास्ता दिखाना ... अन्धकार को प्रचंड प्रकाश से मिटाना

→ हमें भी चारों और ज्ञान का पावरफुल प्रकाश फैलाना है

➳ _ ➳ आशा और शक्ति का प्रतीक है (Symbol Of Hope & Strength)

→ हमें भी आत्माओं के अन्दर आशा के दीप जगाने हैं... उन्हें शक्तियों से भरपूर करना है

➳ _ ➳ लाइट हाउस पक्षपात नहीं करता

→ हमें भी सभी को समान रूप से ज्ञान प्रकाश से भरपूर करना है

➳ _ ➳ किसी के साथ ज़बरदस्ती नहीं करता की आपको इसी रास्ते पर चलना है

→ हमें भी इसी तरह से साक्षी होकर रहना है

➳ _ ➳ तूफ़ान आंधी से उसे कोई फर्क नहीं पड़ता

→ हमें भी भिन्न भिन्न परिस्थितियों में अचल अडोल रहना है

➳ _ ➳ जितना प्रकाश बाहर है... उससे कई गुना प्रकाश उसके अन्दर है

→ हमें भी स्वयं को आंतरिक रूप से भरपूर करना है

➳ _ ➳ सदा देते रहता हैं

→ हमें भी स्वयं को सदा दातापन की स्थिति में स्थित रखना है

➳ _ ➳ पथ के पथिको का मार्गदर्शक

→ हमें भी सभी को मुक्ति जीवन मुक्ति के रास्ते को लेकर गाइड करना है

➳ _ ➳ Warn करना (चट्टानों को लेकर)

→ हमें भी दूसरी आत्माओं को आने वाले समय को लेकर आगाह करना है

➳ _ ➳ कभी चिल्लाता नहीं

→ हमें भी मौन क्रान्ति लानी है

➳ _ ➳ इसका प्रयोग रात में होता है

→ अभी ब्रह्मा की रात चल रही है